# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 17 जून 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 45 हजार 774 सैम्पलों की हुई जांच
## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 1.2 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 17 जून को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1.2 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 45 हजार 774 सैंपलों की जांच में से 590 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव ने जलजनित रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और पेयजल की स्वच्छता की लगातार मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

- राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने बरसात में जलजनित रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति और पेयजल की स्वच्छता की लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। विभागीय प्रमुख सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टर को परिपत्र जारी कर इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए नगरीय निकायों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और स्वास्थ्य विभाग को समन्वय के साथ काम करने कहा है।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टरों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि बरसात के मौसम में उल्टी, दस्त, आंत्रशोध, टॉयफाइड और पीलिया जैसे जलजनित रोगों के बढ़ने की संभावना रहती है। इनसे बचाव के लिए लोगों को स्वच्छ पेयजल प्रदान करना और पेयजल की स्वच्छता की लगातार मॉनिटरिंग बहुत जरूरी है। विभाग ने तत्काल शहरी क्षेत्रों में पाइपलाइनों की मरम्मत, पेयजल के लिए उपयोग होने वाले ट्यूबवेलों में क्लोरीन डालने, पेयजल में रेसिडुअल क्लोरीन और कोलीफार्म बैक्टीरिया का पता लगाने के लिए टेस्टिंग तथा इन सभी कार्यों की कड़ाई से नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

## कोरोना के लक्षण वाले लोगों को निःशुल्क दवा किट
## अब तक 23 लाख 10 हजार से अधिक लोगों को दी गई दवा

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 23 लाख 10 हजार 144 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के अच्छे परिणाम आए हैं। इससे पूरे प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को रोकने में मदद मिली है।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक (16 जून तक) कोरोना के लक्षण वाले 9 लाख 96 हजार 644 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले 9 लाख 05 हजार 284 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 4 लाख 08 हजार 216 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## आज दिनांक 17 जून 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 10,53,260 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 41640 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 2242, बीपीएल के 20307, एपीएल के 18710 फ्रंटलाइन वर्कर के 381 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 590 |
| | | कुल | 989335 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 203 |
| | | कुल* | 163881 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 824 |
| | | कुल* | 801411 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 1027 |
| | | कुल | 965292 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 10682 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 07 | कोविड-19 | 03 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 04 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 45,774

| छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 17-06-2021 | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 36 | 95985 | 27 | 14281 | 8 | 79671 | 93952 | 249 | | 1784 |
| 2 | राजनांदगांव | 15 | 55848 | 13 | 12600 | 8 | 42592 | 55192 | 147 | | 509 |
| 3 | बालोद | 19 | 27014 | 21 | 9140 | 14 | 17295 | 26435 | 188 | 2 | 391 |
| 4 | बेमेतरा | 19 | 19773 | 2 | 3246 | 6 | 16097 | 19343 | 197 | | 233 |
| 5 | कबीरधाम | 10 | 22677 | 1 | 2299 | 2 | 19943 | 22242 | 168 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 13 | 156936 | 17 | 30412 | 21 | 122848 | 153260 | 553 | | 3123 |
| 7 | धमतरी | 25 | 26744 | 0 | 2648 | 16 | 23260 | 25908 | 306 | | 530 |
| 8 | बलौदाबाजार | 38 | 42428 | 7 | 8803 | 32 | 32666 | 41469 | 498 | | 461 |
| 9 | महासमुंद | 9 | 31042 | 3 | 3982 | 23 | 26470 | 30452 | 234 | | 356 |
| 10 | गरियाबंद | 16 | 19459 | 1 | 3510 | 26 | 15486 | 18996 | 274 | | 189 |
| 11 | बिलासपुर | 19 | 64948 | 4 | 7308 | 7 | 56288 | 63596 | 152 | | 1200 |
| 12 | रायगढ़ | 27 | 61922 | 8 | 12394 | 72 | 48003 | 60397 | 557 | 1 | 968 |
| 13 | कोरबा | 35 | 54099 | 7 | 4827 | 50 | 48234 | 53061 | 471 | | 567 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 31 | 56365 | 6 | 7906 | 41 | 47130 | 55036 | 530 | 2 | 799 |
| 15 | मुंगेली | 5 | 23774 | 1 | 965 | 2 | 22388 | 23353 | 255 | | 166 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 3 | 11893 | 0 | 779 | 8 | 10723 | 11502 | 248 | | 143 |
| 17 | सरगुजा | 30 | 33156 | 13 | 4099 | 79 | 28247 | 32346 | 569 | 1 | 241 |
| 18 | कोरिया | 32 | 26465 | 3 | 1707 | 45 | 24170 | 25877 | 417 | | 171 |
| 19 | सूरजपुर | 22 | 28689 | 11 | 2033 | 72 | 25922 | 27955 | 513 | 1 | 221 |
| 20 | बलरामपुर | 13 | 19970 | 3 | 1474 | 65 | 17902 | 19376 | 479 | | 115 |
| 21 | जशपुर | 19 | 26161 | 3 | 4847 | 99 | 20580 | 25427 | 529 | | 205 |
| 22 | बस्तर | 43 | 19896 | 11 | 4699 | 42 | 14120 | 18819 | 892 | | 185 |
| 23 | कोंडागांव | 16 | 12637 | 4 | 1739 | 39 | 10547 | 12286 | 255 | | 96 |
| 24 | दंतेवाड़ा | 26 | 10190 | 8 | 4321 | 10 | 5556 | 9877 | 291 | | 22 |
| 25 | सुकमा | 16 | 6833 | 6 | 3866 | 8 | 2495 | 6361 | 457 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 7 | 22995 | 10 | 3450 | 14 | 19122 | 22572 | 207 | | 216 |
| 27 | नारायणपुर | 5 | 3774 | 9 | 2942 | 3 | 700 | 3642 | 120 | | 12 |
| 28 | बीजापुर | 41 | 6956 | 4 | 3043 | 12 | 2956 | 5999 | 912 | | 45 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 706 | 0 | 561 | 0 | 0 | 561 | 14 | | 131 |
| महायोग | | 590 | 989335 | 203 | 163881 | 824 | 801411 | 965292 | 10682 | 7 | 13361 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



⟵ मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ⟶

